दिन– मंगलवार दिनांक– 21 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। संपादक– कृष्ण कुमार लाल
अवधिः– 15 मिनट टंकक– प्रह्लाद कुमार

---

नमस्कार, ये आकाशवाणी पटना है। अब आप **खालिद रशीद** से प्रादेशिक समाचार सुनिये। पहले मुख्य समाचार.......

01. लोकसभा चुनाव के अंतिम दो चरणों के लिए प्रचार अभियान हुआ तेज। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोतिहारी और महाराजगंज में चुनावी सभा को संबोधित किया।
02. छपरा में दो राजनीतिक दलों के समर्थकों के बीच हिंसक झड़प और गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत, दो घायल। एहतियात के तौर पर अगले दो दिनों तक इलाके में इंटरनेट सेवा बंद।
03. निर्वाचन आयोग ने पांचवें चरण के तहत राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों में हुये मतदान प्रतिशत का अंतिम आंकड़ा जारी किया। कुल छप्पन दशमलव सात छह प्रतिशत हुआ मतदान।
04. और, राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में बारिश से तापमान में कमी। अगले पांच दिनों तक अधिकांश भागों में बारिश का पूर्वानुमान।

————————————————————————

प्रदेश में छठे और सातवें चरण के लिए चुनाव प्रचार अभियान तेज हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और स्टार प्रचारक अपने–अपने उम्मीदवारों के लिए समर्थन जुटाने में लगातार चुनावी सभा, रैली और रोड–शो कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पांच चरणों के चुनाव में इंडी गठबंधन परास्त हो गया है। पूर्वी चम्पारण के मोतिहारी में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुये श्री मोदी ने विश्वास जताया कि अंतिम दो चरणों में विपक्षी गठबंधन पूरी तरह ध्वस्त हो जायेगा।

–––बाईट–––

श्री मोदी ने कांग्रेस पार्टी पर सीधा निशाना लगाते हुये कहा कि कांग्रेस एक वंशवादी पार्टी है और यह सिर्फ एक परिवार के हित के लिए है। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने महात्मा गांधी के विचारों को भी त्याग दिया है। उन्होंने कहा कि विरोधी दल के नेताओं के पास मोदी को गाली देने के सिवा कोई काम नहीं है।

–––बाईट–––

श्री मोदी ने महाराजगंज संसदीय क्षेत्र के गोरियाकोठी में भी एक चुनावी सभा को संबोधित किया। महाराजगंज से एनडीए प्रत्याशी जर्नादन सिंह सिग्रीवाल और सीवान से विजयलक्ष्मी देवी के समर्थन की अपील करते हुये उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन सांप्रदायिक, जातिवादी और वंशवादी गठबंधन है। श्री मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं ने गरीबी, जंगलराज, अत्याचार और भ्रष्टाचार के अलावा लोगों को कुछ नहीं दिया है।

———बाईट———

————————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पूर्वी चंपारण के सुगौली में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। श्री चौधरी ने रक्सौल बाजार में एनडीए प्रत्याशी राधा मोहन सिंह के पक्ष में रोड–शो भी किया। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी ने आज सीवान, वाल्मीकिनगर, पूर्वी चंपारण, शिवहर और वैशाली लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। वाम दल भाकपा, माकपा और माले के वरिष्ठ नेताओं ने भी इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में अनेक स्थानों पर जन सम्पर्क और जनसभाएं की।

————————————————————————————

भाजपा की वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने बिहार में पर्याप्त औद्योगिक विकास नहीं होने के लिए कांग्रेस और राजद की नीतियों को जिम्मेदार बताया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये वित्त मंत्री ने कहा कि केन्द्र की एनडीए सरकार राज्य के औद्योगिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों के कार्यकाल में राज्य को दी जाने वाली पैकेज राशि में साढ़े तीन गुना से अधिक की बढ़ोतरी की गयी है।

———बाईट———

————————————————————————————

सारण जिले के छपरा नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत भिखारी ठाकुर चौक के पास दो राजनीतिक दलों के समर्थकों के बीच आज सुबह हुयी झड़प और गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस अधीक्षक गौरव मंगला ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि पूरे इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। छपरा में दो दिनों तक इंटरनेट सेवा भी बंद कर दी गयी है।

———बाईट———

घटना का कारण चुनावी रंजिश बताया जा रहा है। सारण संसदीय क्षेत्र से राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य ने कहा है कि पूरी घटना को एक साजिश के तहत अंजाम दिया गया है। उन्होंने दोषियों को कठोर सजा देने की मांग की है।

———बाईट———

———————————————————————————

इधर, दरभंगा जिले के जाले में कल फर्जी मतदान के आरोप में पकड़े गये चार आरोपियों को असामाजिक तत्वों द्वारा जबरन छुड़ा लेने के मामले की जांच के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने बताया कि असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि दरभंगा जिले का जाले प्रखंड मधुबनी संसदीय क्षेत्र के तहत आता है।

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने पांचवें चरण के तहत राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर में कल हुये मतदान का अंतिम आंकड़ा जारी किया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि कुल छप्पन दशमलव सात छह प्रतिशत मतदान हुआ है। सबसे अधिक उनसठ दशमलव चार सात प्रतिशत मतदान मुजफ्फरपुर में दर्ज किया गया। वहीं, हाजीपुर में अट्ठावन दशमलव चार तीन प्रतिशत, सारण में छप्पन दशमलव सात तीन प्रतिशत, सीतामढ़ी में छप्पन दशमलव दो एक प्रतिशत और मधुबनी में तिरपन दशमलव शून्य चार प्रतिशत मतदान रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————————

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात आरा लोकसभा सीट की। आरा बिहार के उन आठ संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों में से एक है, जहां सातवें और अंतिम चरण में एक जून को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———बाईट– आरा पीटीसी—— 144 सें.

ब्रिटिश हुकूमत के विरुद्ध सन 1857 में शुरू हुए भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के सियासी सफर तक आरा की देशभर में एक खास पहचान है। आरा की जमीन हर तरह की राजनीतिक विचारधारा के लिए उर्वर रही है। कभी कांग्रेस का गढ़ रहे आरा ने वामपंथी विचारधारा को भी अंगीकार किया। कांग्रेस के दिग्गज नेता बलिराम भगत ने 6 बार इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। वर्ष 1989 के लोकसभा चुनाव में भाकपा माले को तत्कालीन इंडियन पीपुल्स पार्टी, आईपीएफ के नाम से देश में पहली बार जीत आरा लोकसभा क्षेत्र से ही मिली थी। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में पहली बार आर के सिंह ने इस सीट पर भाजपा

का खाता खोला। श्री सिंह ने 2019 में भी जीत दर्ज की। पार्टी ने एक बार फिर केंद्रीय मंत्री और निवर्तमान सांसद आर के सिंह पर भरोसा जताते हुए उन्हें चुनाव मैदान में उतारा है। उनके सामने हैं विपक्षी गठबंधन से भाकपा माले के सुदामा प्रसाद। श्री प्रसाद वर्तमान में तरारी विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। चुनावी मुकाबले में हालांकि 14 उम्मीदवार हैं लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा के आर के सिंह और भाकपा माले के सुदामा प्रसाद के बीच ही माना जा रहा है। विधानसभावार स्थिति देखें तो 7 में से 5 सीटों पर विपक्षी गठबंधन का कब्जा है और 2 सीट पर भाजपा के विधायक हैं। संदेश, जगदीशपुर और शाहपुर पर राजद जबकि अगिआंव और तरारी सीट पर भाकपा माले का कब्जा है। वहीं, बड़हरा और आरा विधानसभा सीट पर भाजपा के विधायक हैं। गंगा और सोन के दोआब में स्थित आरा लोकसभा क्षेत्र कृषि प्रधान इलाका है। बावजूद इसके क्षेत्र में कृषि प्रसंस्करण उद्योगों का घोर अभाव है। महंगाई और बेरोजगारी भी आमलोगों के मुद्दे हैं। भाजपा प्रत्याशी आर के सिंह अपने दस वर्षों के कार्यकाल के दौरान क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों और मोदी की गारंटी के नाम पर वोट की अपील कर रहे हैं। वहीं, भाकपा माले के उम्मीदवार सुदामा प्रसाद आर के सिंह की कार्यशैली को विकास विरोधी बताकर और स्थानीय मुद्दों के सहारे मतदाताओं को गोलबंद करने में जुटे हैं। दोनों पक्ष के दावों– प्रतिदावों के बीच यह देखना काफी दिलचस्प होगा कि क्षेत्र के इक्कीस लाख से अधिक मतदाता आर के सिंह को लगातार तीसरी बार लोकसभा भेजते हैं या फिर भाकपा माले उम्मीदवार सुदामा प्रसाद वर्ष 1989 के बाद एक बार फिर इस क्षेत्र में वामपंथ को मजबूती प्रदान करने में सफल होते हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए आरा से मुकेश कुमार सिन्हा।

———————————————————————————

केन्द्रीय संचार ब्यूरो सीतामढ़ी की ओर से शिवहर लोकसभा क्षेत्र के फुलकाहा और रामपुरकेशो पंचायत क्षेत्र में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

———————————————————————————

कैमूर जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत उत्तर प्रदेश की सीमा के पास जल्दहां चेकपोस्ट पर जांच के दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति से साढ़े तीन लाख रूपये जब्त किये हैं। स्वच्छ और निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए चलाये जा रहे अभियान के दौरान यह सफलता मिली है।

———————————————————————————

राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकतर भागों में पूरबा हवा के प्रभाव से हुई वर्षा के बाद तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की गयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य और दक्षिण बिहार के कई स्थानों पर हल्की वर्षा दर्ज की गयी है। सबसे अधिक छियालीस मिलीमीटर वर्षा जमुई में रिकॉर्ड की गयी। वहीं, झाझा में चौवालीस दशमलव आठ मिलीमीटर और वाल्मीकिनगर में सत्ताईस मिलीमीटर वर्षा हुई है। मौमस विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक एस. के. पटेल ने बताया कि अगले पांच दिनों तक राज्य के अधिकतर भागों में हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा की सम्भावना है।

———बाईट———

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. लोकसभा चुनाव के अंतिम दो चरणों के लिए प्रचार अभियान हुआ तेज। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोतिहारी और महाराजगंज में चुनावी सभा को संबोधित किया।

02. छपरा में दो राजनीतिक दलों के समर्थकों के बीच हिंसक झड़प और गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत, दो घायल। एहतियात के तौर पर अगले दो दिनों तक इलाके में इंटरनेट सेवा बंद।

03. निर्वाचन आयोग ने पांचवें चरण के तहत राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों में हुये मतदान प्रतिशत का अंतिम आंकड़ा जारी किया। कुल छप्पन दशमलव सात छह प्रतिशत हुआ मतदान।

04. और, राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में बारिश से तापमान में कमी। अगले पांच दिनों तक अधिकांश भागों में बारिश का पूर्वानुमान।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।